तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026



12 युवक नशे को त्यागकर शिक्षा, संस्कार और...





12 सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सनातन अस्मिता ...






## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज



**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत डूमरकोट के पास सड़क दुर्घटना की विवेचना में पाया गया कि 18 दिसंबर को मृतक हनेश अपने साथी शिव प्रसाद नेताम के साथ अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 2697 को चलाते घर बुलावंड आ रहा था। डूमरकोट भैंसासुर के पास पहुंचा था, तभी विपरित दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 4208 के चालक जेठेगांव निवासी अजय कुमार मरकाम द्वारा अपनी मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दो लोगों को चोट आई थी। जाँच के बाद आरोपी मोटर सायकल के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत चौगेल निवासी 24 वर्षीय गजेंद्र तारम पिता स्व. बहालसिंह ने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक ने 10 जनवरी को घर में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मांदरी निवासी 17 वर्षीय देवेंद्र सलाम पिता मन्नूराम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे ने 10 जनवरी को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### उपचारात्मक शिक्षण का स्कूल में किया निरीक्षण



**कोरर।** शासकीय हाई स्कुल कोकानपुर में शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी एंव पालक व बालक समिति के सदस्य लखन लाल सिन्हा ने शाला में संचालित उपचारात्मक शिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राचार्य शकुन्तला ठाकुर ने बताया कि संस्था में सभी छात्र - छात्राओं को ब्लूप्रिंट के अनुसार अलग-अलग प्रकार से प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है। अध्यक्ष ने विद्यालय के परीक्षा परिणाम का प्रतिशत शतप्रतिशत लाने की बात कही।

### वीबी जीरामजी के मंडल संयोजक बने विकास

**दुर्गूकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल में वीबी जीरामजी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भाजपा जिला संगठन द्वारा मंडल स्तरीय टोली की घोषणा की गई है। जारी सूची के अनुसार भाजपा मंडल दुर्गूकोंदल में जनपद सभापति एवं भाजयुमो महामंत्री विकास राजू नायक को मंडल संयोजक व समिति में संतोष दुग्गा, शिरो कोमरे एवं सतीश जैन को सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 26वीं ग्रामीण क्रिकेट में हुलघाट की हुई जीत

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत बरहेली में नौ दिवसीय 26 वीं ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र की 64 ग्रामीण टीमों ने भाग लेकर खेल शेष पेज 10 पर

# पखांजूर के खरीदी केंद्रों में जगह नहीं, धान उठाव की सुस्त रफ्तार से बढ़ा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धान खरीदी के सुनहरे दावों के बीच पखांजूर में हकीकत बिल्कुल उलट नजर आ रही है। खरीदी केंद्र धान से पट चुके हैं, खुले आसमान के नीचे हजारों क्विंटल फसल पड़ी है और परिवहन की रफ्तार इतनी सुस्त है कि अब संकट गहराने लगा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि पी वी 89 खरीदी केंद्र में सोमवार से धान खरीदी ठप होने की नौबत आ गई है, जिससे किसानों की चिंता और प्रशासन की मुश्किलें दोनों बढ़ गई हैं।

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का अभियान पूरे जोर-शोर से चलने के सरकारी दावों के बीच पखांजूर क्षेत्र से चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। यहां परिवहन व्यवस्था की कछुआ चाल ने खरीदी केंद्रों को संकट में डाल दिया है। क्षेत्र के दर्जनों उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से भंडारण क्षमता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। सबसे गंभीर स्थिति पीव्ही 89 खरीदी केंद्र की है, जहां अब धान रखने की जगह तक नहीं बची है। पीव्ही 89 के खरीदी केंद्र में अभी तक 23 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जबकि बफर लिमिट मात्र 2700 क्विंटल का है। हालात यह हैं कि यदि जल्द ही उठाव की व्यवस्था नहीं हुई, तो सोमवार से यहां धान खरीदी पूरी तरह बंद करनी पड़ सकती है। केंद्र प्रबंधक का कहना है कि अब उनके पास एक बोरा रखने तक की जगह नहीं बची है। यदि शीघ्र ही डीओ काटकर धान का शेष पेज 10 पर

## पीवी 89 खरीदी केंद्र में सोमवार से धान खरीदी ठप होने की नौबत

### बेमौसम बारिश और सुखत का डर

धान उठाव में हो रही देरी ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। खरीदी केंद्र बंद होने की आशंका के साथ-साथ बेमौसम बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है। यदि बारिश हुई तो खुले में रखा करोड़ों रुपए का धान खराब हो सकता है, वहीं धान के सूखने (सुखत) से वजन में कमी आने का खतरा भी समितियों के लिए बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।



### विभागीय सुस्ती पड़ सकती है भारी

विभागीय अधिकारी भले ही परिवहन जारी होने के दावे कर रहे हों, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। यदि अगले दो दिनों के भीतर परिवहन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो कई खरीदी केंद्रों पर ताले लटक सकते हैं। ऐसी स्थिति में किसानों का आक्रोश फूटना तय माना जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर विभागीय लापरवाही सामने आएगी।

## सियासत : मनरेगा को कमजोर करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस ने किया उपवास और जमकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**कांग्रेसियों ने भाजपा की मोदी सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का लगाया आरोप**



शहर के हृदय स्थल गांधी चौक में रविवार को उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब जिला कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने के विरोध में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय प्रतीकात्मक उपवास का आयोजन किया। जुबां पर सरकार के खिलाफ नारे और चेहरों पर आक्रोश लिए कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी किया। यह उपवास केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि गरीबों और मजदूरों के हक की आवाज बनकर सामने आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार कांग्रेस द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को या तो कमजोर कर रही है या उनके नाम बदलकर जनता को गुमराह कर रही है। मनरेगा जैसी ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण योजना को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है, जिसका सीधा असर देश के गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ना तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने योजना का नाम बदलकर और उसके स्वरूप में बदलाव कर गरीब मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला किया है। उन्होने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की आर्थिक रीढ़ रही है। इस योजना ने करोड़ों परिवारों को सम्मान के साथ रोजगार दिया और उन्हें पलायन से बचाया। आज सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और गरीबों व मजदूरों के हक की लड़ाई सड़कों पर उतरकर लड़ेगी। प्रतीकात्मक उपवास में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में मनरेगा को बचाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### योजना की आत्मा पर किया प्रहार

मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला समन्वयक विकास चोपड़ा ने कहा कि मनरेगा अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। सरकार ने महात्मा गांधी के नाम को हटाकर योजना की आत्मा पर प्रहार किया है। नए कानूनों और नियमों के जरिए रोजगार की गारंटी को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों से उनका संवैधानिक अधिकार छीना जा रहा है। मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए जीवन रेखा थी, लेकिन मौजूदा सरकार इसे धीरे-धीरे खत्म करने की दिशा में काम कर रही है।

### पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और देशहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों को याद किया। उन्होंने कहा कि आज देश को शास्त्री जैसे नेतृत्व की जरूरत है, जो गरीब, किसान और मजदूर की आवाज बन सके।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

उपवास कार्यक्रम में पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, बिरेश ठाकुर, जनकनंदन कश्यप, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नवली मीना मंडावी, सुभद्रा सलाम, हेमंत ध्रुव, मिथलेश शोरी, पुरुषोत्तम पाटिल, गफ्फार मेमन, लोमेन्द्र यादव,गोमती सलाम, रोहिदास शोरी, इंद्रजीत विश्वास, कौशल्या शोरी, भारती सलाम, राजू दुबे, चंद्रकांत ध्रुवा, शिवांकित श्रीवास्तव, उदय शर्मा, जितेन्द्र वैध, चमन साहू, सुमित राय, मुकेश तिवारी, अमित साहू, झमित कड़ियांम,रवि दुग्गा आदि उपस्थित रहे।

## बायपास में तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से भैंस गंभीर, रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** कांकेर बाईपास रोड पर विगत दिनों दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक दुधारू भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा सर्विस सेंटर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही भैंस को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोट आई। भैंस का इलाज करवाने के चक्कर में भैस मालिक रिपोर्ट देरी से करवा पाया। कांकेर पुलिस को जानकारी देते हुए तुलसी राम साहू निवासी श्रीरामनगर ने बताया कि वे कर्ज लेकर यह भैंस खरीदकर डेयरी व्यवसाय चला रहे थे। मेरी भैंस सड़क पार कर रही थी तभी आरोपी वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर के कारण भैंस चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भैंस सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल भैंस का उपचार फिलहाल क्षेत्रीय चिकित्सालय में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, भैंस की कमर की हड्डी टूट चुकी है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिससे उसकी जान को खतरा है। घायल भैंस की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और डेयरी संचालक के लिए यह भारी आर्थिक और मानसिक क्षति का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहन और लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 17 डी 9300 के चालक के खिलाफ धारा 281 और 325 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सरोना के लैंपसों में आज से शुरू होगी धान खरीदी



**सरोना।** तहसील सरोना अंतर्गत आने वाले सभी सहकारी समितियों द्वारा आज 12 जनवरी से नियमित रूप से धान खरीदी प्रारंभ की जाएगी।

किसानों की प्रशासन से चर्चा के बाद सहकारी समितियों के उपार्जन केन्द्र प्रभारियों ने टोकनधारी किसानों को सूचना दी है कि जिन किसानों का टोकन कट चुका है लेकिन वे अभी तक धान विक्रय नहीं कर पाए हैं, ऐसे किसान उपार्जन केन्द्र में उपस्थित होकर नया टोकन कटवा सकते हैं। प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है कि परिवहन एवं भंडारण की व्यवस्था में सुधार कर सोमवार से सभी उपार्जन केन्द्रों में नियमित रूप से धान खरीदी की जाएगी, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## दसपुर में डंडे के हमले से युवक गंभीर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम

**कांकेर।** दसपुर ग्राम में एक युवक पर हमला होने की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार दुकान के पास खड़े युवक अर्जुन श्रीवास्तव को स्थानीय निवासी प्रवीण कौशल ने लकड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के दौरान आरोपी ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। घायल युवक के बड़े भाई दिनेश श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि घटना तीन दिन पहले 9 जनवरी की शाम करीब 6 बजे हुई। उनका छोटा भाई अर्जुन दुकान के पास खड़ा था, तभी प्रवीण कौशल आया और गाली-गलौच करने लगा। आरोप है कि प्रवीण ने कहा कि अर्जुन उनके काम करने वाले लेबरों को मेला लेकर जाते हैं। इसके बाद आरोपी ने पास पड़े लकड़ी से अर्जुन पर ताबड़तोड़ वार किए। हमले के



दौरान अर्जुन के सिर और गाल में चोट लगी और खून बहने लगा। दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि चोट लगते ही अर्जुन को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी दाहिनी गाल में फ्रैक्चर होने की पुष्टि की। अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है और चिकित्सक उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। घटना की शिकायत पर पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी प्रवीण कौशल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 118 (2), 296 और 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब सप्लायर समेत 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान उजियारा के तहत पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर कड़ा शिकंजा कस दिया है। लगातार पेट्रोलिंग और मुखबिर तंत्र की सक्रियता से कोरर, चारामा और सरोना थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 35.640 लीटर अवैध शराब, एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्री श्रीमाल, एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना चारामा, कोरर एवं सरोना पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के निर्माण, भंडारण और बिक्री में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में लगातार पेट्रोलिंग के दौरान वैधानिक कार्रवाई की गई। थाना कोरर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरियापारा कोकानपुर में मुखबिर की सूचना पर आरोपी हीरालाल नेताम पिता स्व. नंदलाल नेताम, उम्र 59 वर्ष के कब्जे से 07 लीटर देशी महुआ शराब जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत शेष पेज 10 पर

## भाजपा नेता बूथ अध्यक्षों से बात कर मतदाता को दे रहे समझाइश


# मतदाता गहन पुनरीक्षण पर भाजपा कर रही मोहल्ले-मोहल्ले का भ्रमण दे रही समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



लोकतंत्र की मजबूती की नींव सशक्त और त्रुटिरहित मतदाता सूची पर टिकी होती है। इसी उद्देश्य को लेकर कांकेर मंडल में मतदाता गहन पुनरीक्षण के फेस-2 को प्रभावी बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर सक्रिय पहल की जा रही है। इस कड़ी में मतदाता गहन पुनरीक्षण के कांकेर मंडल प्रभारी अनूप सिंह राठौर एवं कांकेर जिला भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व जिला प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ने विभिन्न बूथों का दौरा कर जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा किया। भाजपा के दोनों नेताओं ने बूथ अध्यक्षों एवं बीएलए -2 से प्रत्यक्ष संवाद कर वर्तमान में चल रहे एसआईआर फेस-2 की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक दलों, बूथ कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, जो स्थायी रूप से अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित हो गए हैं, या जिनके नाम सूची में त्रुटिपूर्ण अथवा डुप्लीकेट दर्ज हैं, उन्हें नियमानुसार हटाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके नए योग्य मतदाताओं को फॉर्म-6 के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में जोड़ने की बात कही। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल ऑफिसर को हर संभव सहयोग देने का आव्हान भी किया गया, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। मुहल्ले में भ्रमण के दौरान आमापारा वार्ड में बूथ अध्यक्ष विजय लखवानी एवं बीएलए-2 गजेंद्र यादव से संपर्क किया गया। एमजी वार्ड में बूथ अध्यक्ष राजेश पटेल एवं बीएलए-2 गजेंद्र यादव से चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की गई। इसके अलावा अन्नपूर्णा परा वार्ड में पार्षद टिकेंद्र ठाकुर एवं बीएलओ पूनम निर्मलकर से मुलाकात कर वर्तमान में शेष पेज 10 पर

## सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग को मिली सहायता और अस्पताल में इलाज शुरू



**कांकेर।** शहर के उदय नगर वार्ड में सड़क दुर्घटना में पैर टूटने के बाद एक बेसहारा बुजुर्ग कई दिनों से अपने घर में असहाय अवस्था में पड़े थे। न चल पाने की स्थिति में उन्हें भोजन भी समय पर नहीं मिल पा रहा था। इस संबंध में वार्ड पार्षद द्वारा जन सहयोग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष को जानकारी दिया।

जानकारी मिलते ही संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी अपने साथियों के साथ बुजुर्ग घनश्याम चंद्रवंशी के घर पहुँचे और स्थिति की जानकारी ली। बुजुर्ग ने बताया कि वे लगभग 25 वर्ष पहले बिहार से काँकेर आए थे और मजदूरी कर जीवनयापन कर रहे थे। कुछ समय पहले एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके बाद से उनकी हालत बिगड़ती चली गई। लंबे समय तक एक ही स्थिति में पड़े रहने से पीठ और टूटे पैर में घाव हो गया था। संस्था द्वारा बुजुर्ग के बिहार स्थित रिश्तेदारों का संपर्क नंबर प्राप्त कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया गया। रिश्तेदारों को यह जानकारी दी गई कि इलाज की पूरी व्यवस्था संस्था तथा स्थानीय सहयोग से की जाएगी और उन्हें किसी प्रकार का खर्च नहीं करना होगा। इस पर रिश्तेदार सहमत हो गए। इसके बाद बुजुर्ग को शेष पेज 10 पर

# धान खरीदी में तेजी, नीति-परिवर्तन से बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## बस्तर संभाग में 8.69 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत बस्तर संभाग में धान खरीदी ने गति पकड़ ली है। 9 जनवरी तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार संभाग के सातों जिलों में कुल 8,69,339.36 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसके लिए कुल 382 उपार्जन केंद्र संचालित किए गए हैं, जहां किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं।

■ टोकन व्यवस्था में बदलाव से किसानों के समक्ष संकट

जिलावार स्थिति पर नजर डालें तो कांकेर जिले में सर्वाधिक 3,35,143.64 मीट्रिक टन, कोंडागांव में 2,03,711.60 मीट्रिक टन, बस्तर में 1,84,555.68 मीट्रिक टन, बीजापुर में 60,112.36 मीट्रिक टन, सुकमा में 49,834.52 मीट्रिक टन, नारायणपुर में 25,112.12 मीट्रिक टन तथा दंतेवाड़ा में 10,869.44 मीट्रिक टन धान की खरीदी दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा अब तक 40,038.54 मीट्रिक टन धान मिलरों को जारी किया जा चुका है, जबकि संग्रहण केंद्रों में अभी भी 8,20,773.82 मीट्रिक टन धान शेष है।



### भ्रम की स्थिति बन रही

किसानों का कहना है कि बार-बार नियम बदलने से न केवल भ्रम की स्थिति बन रही है, बल्कि मेहनत की कमाई पर भी संकट मंडराने लगा है। उपार्जन व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने के बजाय,उसमें जटिलता बढ़ने से वास्तविक नुकसान खेतिहर वर्ग को ही उठाना पड़ रहा है।

हालांकि आंकड़ों में बढ़त के बीच धान खरीदी की टोकन व्यवस्था में बार-बार हो रहे बदलाव अब किसानों के लिए नई परेशानी बनते जा रहे हैं। पहले किसानों को ऑनलाइन टोकन दिया जाता था, जिससे वे निर्धारित तिथि पर उपार्जन केंद्र पहुँचकर अपनी फसल बेच पाते थे। बाद में यह व्यवस्था बदलकर ऑफलाइन टोकन कर दी गई। जिसमें किसानों को स्वयं उपार्जन केंद्र पहुँचकर टोकन कटवाना अनिवार्य किया गया।

अब ताजा अपडेट में प्रशासन ने ऑफलाइन टोकन प्रणाली को भी बंद कर दिया है। इसके चलते वे किसान जिन्होंने अभी तक ऑफलाइन टोकन नहीं कटवाया था उनके समक्ष गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हजारों किसान जो दूरदराज इलाकों से आते हैं या सूचना के अभाव में समय पर टोकन नहीं कटवा पाए,अब अपनी उपज बेचने से वंचित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### योजना में चूक से महिला को नहीं मिल रही महतारी वंदन की राशि



**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ की प्रमुख महिला सशक्तिकरण योजना महतारी वंदन का एक पात्र लाभार्थी सिस्टम की चूक के चलते अब साल भर से सरकारी दफ्तर की चक्कर काट रही है, लेकिन उसे सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं, परंतु अब राशि नहीं मिल रही है। कापसी की निवासी अंजलि मिस्त्री ने बताया कि योजना की शुरुआत में उन्हें पांच महीनों तक दो-दो हजार रुपये की राशि मिली, जबकि योजना के नियमानुसार उन्हें हर माह 1000 रुपये मिलने थे। अंजलि ने अपने खाते की जांच की, तो पता चला कि उनके खाते में गलती से अतिरिक्त राशि जमा कर दी गई है। इसकी जानकारी देने पर उन्हें बताया गया कि उनका खाता होल्ड पर रखा गया है और राशि की कटौती दसवीं किस्त के बाद सुधार दी जाएगी। अब एक साल बीत चुका है और न तो उनका खाता सामान्य हुआ और न ही रुकी हुई राशि उन्हें मिली। इस मामले में अंजलि ने परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पखांजूर में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन विभाग की सुस्ती और तकनीकी त्रुटियों के कारण उनका मामला अब तक लटक रहा है।

### केंद्र के समान डीए का नए साल में मिला तोहफा : भरत



**कांकेर।** रायपुर छत्तीसगढ़ में राज्य कर्मचारी संघ का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें केंद्र स्तर के कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। इस दौरान प्रदेश के संवेदनशील और जनता के हितैषी मृदु भाषी कुशल नेतृत्व कर्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता की मांग को देने की घोषणा कर दी। लंबित मांग को पूरा करने घोषणा कर नववर्ष में कर्मचारियों को दिया तोहफा। शेष अन्य मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया।

## कलश यात्रा और जयघोष से जागृत हुई धार्मिक चेतना

# मैत्री संघ में गूंजा सनातन का उद्घोष हिंदू सम्मेलन में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर की मैत्री संघ स्थित मोहन नगर में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन ने पूरे क्षेत्र को धार्मिक उल्लास, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकजुटता के भाव से सराबोर कर दिया। इस आयोजन ने न केवल सनातन मूल्यों की पुनर्स्मृति कराई, बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त संदेश भी दिया।

■ भक्तिरस में सराबोर हुआ मोहन नगर, हर वर्ग की रही सहभागिता

कार्यक्रम की शुरूआत मोहन नगर से निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसने मैत्री संघ बस्ती की परिक्रमा कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जयघोष और भक्ति नारों के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम स्थल पर श्रीराम और भारत माता के वंदन के साथ दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ किया गया। मंच पर स्थानीय मंदिरों से जुड़े पुजारियों का सम्मान किया गया। इसके पश्चात बच्चों और महिलाओं द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा पाठ और राष्ट्रभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने समाज को एकजुट रखने, परंपराओं की रक्षा करने और आने वाली सामाजिक चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली जीवनशैली है।






### कलश यात्रा से लेकर आरती तक, हर पल बना आस्था का उत्सव

मोहन नगर से निकली कलश यात्रा ने जैसे ही बस्ती की गलियों का भ्रमण किया,पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। जयघोष, भक्ति नारों और शंखनाद के बीच लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्वलन, श्रीराम वंदन, पुजारियों का सम्मान, बच्चों और महिलाओं की प्रस्तुति तथा अंत में भारत माता की आरती इन सभी क्रमिक आयोजनों ने सम्मेलन को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का पर्व बना दिया।

कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, जिसके बाद सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मातृशक्ति, प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

इस दौरान बस्ती प्रमुख दृशान चक्रबोर्ती के मार्गदर्शनानुसार मंच पर अतिथि मुख्य बौधिक संघ के जिला संघ चालक योगेश्वर सिन्हा नगर संघ चालक सुबीर नंदी, मुख्य अतिथि अधिवक्ता मोहन राव, अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पार्षद उर्मिला यादव, मनोज पानीग्राही, मंच संचालन देबेन्द्र देवांगन समिति के अनुपमा साहा, सुश्मिता बोस, अनिता कुंडू, प्रिया साहा, संध्या महावर, सुशांत भद्र, सुबीर, गोबिंद पाल, प्रदीप साहा, अभय राय, रिचिका तालुकदार, कोणिका, सोमैया, नम्रता राय, मृणाल, तपनबोस, रामचंद्र,पप्पुबर्मा, ज्योति, राजू, भुवन, लिलिमा, रजनीश व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## संग्रहण केंद्रों में सड़ रहे धान के लिए जिम्मेदारों पर कार्यवाही हो : नवनीत



■ नुकसान की भरपाई विभागों के अफसरों से करने की मांग जोगी कांग्रेस नेता ने की

**जगदलपुर।** ब्लॉक जगदलपुर के नियानार के धान संग्रहण केंद्र में हजारों क्विंटल अनाज कचरे में बदल जाता है तब अधिकारी कहते हैं जांच करवाई जाएगी, इसी तरह हमारे किसान जी तोड़ मेहनत कर धान उगाते हैं और धान संग्रहण केंद्र में बेचते हैं परंतु वेयरहाउस में वही चावल अचानक खराब हो जाता है । तब भी जिम्मेदार सोए नजर आते हैं । जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने गीदम वेयरहाउस में गुणवत्ता विहीन चावल प्रकरण के साथ नियानार धान संग्रहण में हजारों बोरी धान खराब होने को लेकर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि किसानों और आम जनता के साथ यह सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा सोए हुए जनप्रतिनिधि, जिम्मेदार विभाग और लापरवाहियों की वजह से आज सवा लाख आदिवासियों तक अनाज नहीं पहुंचा। भैरमगढ़ गीदम के राशन दुकानों को चावल का इंतजार है । पीडीएस का खराब चावल खाने आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को मजबूर किया जा रहा है। खाद्यान्न विभाग एवं विपणन विभाग द्वारा पंजीकृत राइस मिलर द्वारा धान संग्रहण केंद्र से उठाए गए धान की मिलिंग प्रक्रिया और मिलिंग के पश्चात वेयरहाउस में जमा करवाए गए चावल प्रक्रिया की अनुबंध की शर्तों के आधार पर निष्पक्ष जांच की मांग उन्होंने की है। साथ ही सभी वेयरहाउस में सीसीटीवी कैमरा लगवाने अथवा सीसीटीवी कैमरा के फुटेज की समीक्षा की मांग की है। सभी वेयरहाउस में जमा चावल लाट के दस्तावेज और वास्तविक जमा लॉट चावल के सेमल के मिलान एवं निष्पक्ष जांच की मांग भी की है। वेयरहाउस विभाग में जिला स्तर पर पदस्थ अधिकारियों व इस विभाग के ठेकेदारो की संपत्ति की जांच की मांग भी की है। नवनीत ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसान का धान संग्रहण केंद्र के बाद मिलिंग फिर वेयरहाउस में जमा होता है। वेयरहाउस से चावल फूड ऑफिस में जाता है। इस तरह से 4 से 5 विभागों के आपसी तालमेल से सब ठीक चलता है । रात दिन मेहनत कर किसानों की क्वालिटी वाला गुणवत्ता युक्त धान वेयरहाउस में खराब हो जाता है। अन्याय के खिलाफ इस मामले को लेकर हम सड़कों तक जाएंगे।

# सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों से आए 15 मरीजों का चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा के सुदूर और अंदरूनी इलाकों से मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आए ग्रामीणों से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शासकीय महेंद्र कर्मा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों से चर्चा कर उपचार की प्रक्रिया की जानकारी ली।

■ डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती नेत्र रोगियों से विधायक ने की मुलाकात



इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी मरीजों का उपचार निर्धारित मानकों के अनुरूप, सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से किया जाए। अस्पताल प्रशासन द्वारा सभी मरीजों की जांच, परामर्श और सर्जरी की तैयारी नियमित प्रक्रिया के तहत की जा रही है। ग्रामीण और अंदरूनी क्षेत्रों से आए इन मरीजों के लिए यह सुविधा बड़ी राहत साबित हो रही है, क्योंकि अब उन्हें अपने जिले के पास ही बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध हो पा रहा है।

कटम देवा, कटम रामा, उका जिमें, कोरसा, पदम बुमें, सोढ़ी, मंजू, मडक्म सोढ़ी, मडक्म, उका, सोढ़ी मुक्का, कटम देवा, मडावी सुक्की, पदम सहित कुल 15 मरीजों को नेत्र विभाग में भर्ती किया गया है। सभी का परीक्षण,परामर्श एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की तैयारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जा रही है।

## बड़ांजी और धुरागांव का लिफ्ट इरिगेशन फेल

**जगदलपुर।** लोहंडीग़ुड़ा ब्लाक के बड़ांजी और धुरागांव में पिछले 5 साल से उदवहन सिंचाई योजना फेल है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंद्रावती नदी का पानी पाइपलाइन के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचने की यह शासन की महत्वपूर्ण योजना अफसरों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण दम तोड़ रही है। लोहंड़ीगुड़ा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप ने यह आरोप लगाते कहा कि इलाके के किसान द्विफसली फसल लेना चाहते है लेकिन अधिकारी उन्हें योजना का लाभ नहीं दिला रहे है बल्कि गोलमोल जवाब देते है। दोनों गांव के लगभग 250-250 किसानों को योजना का लाभ दिलाने के लिए यह पहल हुई थी। लेकिन पाइप तहस नहस और हल्का होने से किसान पानी के लिए तरस रहे हैं।

कश्यप ने कहा कि इंद्रावती नदी किनारे बसने वाले गांव के किसान जब वंचित है तो फिर अन्य अंदरूनी इलाके के किसानों को इस योजना से किस तरह का लाभ मिल रहा है इसे समझा जा सकता है चंद्रभान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजने की बात कहते हुए कहा कि हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संवेदनशील और गरीबों को आर्थिक रूप से समृद्ध देखना चाहते है।

## कच्ची शराब व नकदी जब्त, 3 कोचियो को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** अवैध रूप से अपने पास शराब रखकर बेचने के फिराक में ग्राहक का इंताजार कर रहें तीन शराब कोचिए को नरहरपुर, भानुप्रतापपुर और गोण्डाहुर पुलिस ने 10 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए पकड़ा। नरहरपुर थाना पुलिस ने आरोपी वार्ड क्रमांक 7 नरहरपुर निवासी रूखम विश्वकर्मा पिता भुनूराम के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रूपएं व नगद 100 रूपएं, भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने पेवारी निवासी राजकुमार सलाम पिता स्व. गन्नूराम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब व गोण्डाहुर पुलिस ने आरोपी पीव्ही 113 निवासी 27 वर्षीय सुकदेव चौधरी पिता प्रदीप के कब्जे से 18 लीटर शराब कीमत 2 हजार 520 रूपएं को जप्त किया। सभी शराब कोचियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सोमनाथ पर्व पर कोदागांव शिव मंदिर में ओम नमः शिवाय मंत्र का सामूहिक जाप

**धनेलीकन्हार।** सनातन आस्था, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना के प्रतीक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदागांव स्थित शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। देवाधिदेव महादेव एवं माँ पार्वती के मंदिर में विधिवत पूजन कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया और वातावरण ॐ नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

■ विधिवत पूजन कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया फिर गूंजा मंत्र जाप



मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि 1026 ईस्वी में भगवान सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर सनातन आस्था, संस्कृति और आत्मसम्मान को लूटने का कुत्सित प्रयास किया गया था। किंतु न तब भारत की आत्मा टूटी और न आज। उन्होंने कहा कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण और उसका दिव्य वैभव सनातन धर्म की अमरता, राष्ट्र की चेतना और स्वाभिमान के अडिग संकल्प का प्रतीक है। आज का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हजार वर्षों के अपमान का उत्तर, सांस्कृतिक स्वाभिमान का उद्घोष और राष्ट्रवादी चेतना का उद्घाटन है। पूजन-अर्चना कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में सनातन मूल्यों की रक्षा, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रहित के संकल्प को दोहराया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य पंचूराम नायक, सितम्बर कावडे, मोती नाग, विकेश हिचामी, लोकेश्वर सेन, अशोक कचलाम, देवेन्द्र यदू, सरपंच विनोद रावटे, जनपद सदस्य नितेश सलाम, दिलीप सिंह राजपूत, हेमलाल गाड़ीयां, आरएस कोरटिया, देवेन्द्र साहू व लीना नाग, संत साहू, अंकित टावरी, उपसरपंच प्रिंस पाण्डेय, चंद्रशेखर मंडावी, भावेश आरदे, शुभम नाग, पूर्व जनपद सदस्य रेशमा केशरी, रंजू पटेल, आनंद कोर्राम, दयाराम आरदे, देचरण साहू, राज ठाकुर, चूमेश पटेल, हिरेन्द कुबेर सहित अनेक कार्यकर्ता व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 10वीं व 12वीं परीक्षा की रेमेडियल क्लासेस की शुरू, तनावमुक्त परीक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी को सुदृढ़ करने तथा उन्हें मानसिक रूप से तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से एक विशेष मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला तनाव मुक्त रहेगा बच्चा तो खुशी-खुशी देगा परीक्षा थीम पर आयोजित हुई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना और परीक्षा से जुड़ी आशंकाओं को दूर करना रहा।यह आयोजन आकांक्षी ब्लॉक दुर्गुकोंदल द्वारा नवीन हाई सेकेंडरी विद्यालय मर्रामपानी तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहत्तर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की प्रभावी तैयारी के लिए तनावमुक्त अध्ययन की तकनीकों, प्रश्नपत्र ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्नों के सरलीकरण, समय प्रबंधन, स्वास्थ्य संतुलन तथा विषयगत कठिनाइयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि नियमित अध्ययन, सही रणनीति और सकारात्मक सोच से परीक्षा के दबाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर उनके शैक्षणिक स्तर का विश्लेषण किया गया और बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कमजोर विषयों की पहचान कर उन्हें सुधारने हेतु सरल अध्ययन योजना, पुनरावृत्ति रिवीजन की विधियां तथा उत्तर लेखन कौशल पर विशेष चर्चा की गई और साथ ही विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और नियमित अंतराल में विश्राम परीक्षा के समय अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर शिक्षकों के लिए भी एक रेमेडियल उपचारात्मक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की काउंसलिंग, सीखने की कमियों को दूर करने और व्यक्तिगत मार्गदर्शन की रणनीतियों पर चर्चा हुई।



## पेज 09 के शेष...

### पखांजूर के खरीदी...

परिवहन शुरू नहीं हुआ, तो मजबूरी में किसानों को वापस लौटाना पड़ेगा, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। क्षेत्र के विभिन्न खरीदी केंद्रों का जायजा लेने पर पता चला कि हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। किसानों द्वारा तेजी से धान लाया जा रहा है, लेकिन मिलर्स और परिवहन एजेंसियों की सुस्ती के चलते धान का उठाव नहीं हो पा रहा है।

### उजियारा अभियान के...

गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की गई। थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम गिधाली में आरोपी कमल कुमार धुर्वा पिता स्वर्गीय श्याम सिंह धुर्वा) के कब्जे से 9.5 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया अपनाई गई। थाना सरोना क्षेत्र अंतर्गत कंक नाला पुल के पास, ग्राम मुड़पार में शराब सप्लायर आरोपी प्रशांत नैनानी पिता विजय नैनानी, उम्र 31 वर्ष, जाति सिंधी, निवासी सुभाष वार्ड, थाना के पीछे कांकेर को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 73 नग अंग्रेजी गोल्ड गोवा सुपीरिया व्हिस्की कुल 13.140 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 8,760 रूपएं, साथ ही एक स्कूटी और एक मोबाइल फोन जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध भी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तारी कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उजियारा अभियान के तहत नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

### 26वीं ग्रामीण क्रिकेट...

भावना और उत्साह की मिसाल पेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला हुलघाट टीम के नाम रहा। फाइनल मैच दर्शकों के लिए रोमांचक साबित हुआ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और खेल प्रेमी इस उत्सव का हिस्सा बने। विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मतदाता गहन पुनरीक्षण...

चल रहे एसआईआर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली गई। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि इस संगठित और समन्वित प्रयास से जिले में मतदाता सूची अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन होगी, जिससे आगामी चुनावों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी।

### सड़क हादसे में...

स्नान कराकर साफ कपड़े पहनाए गए और उन्हें स्थानीय कोमलदेव अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ ने इलाज में सहयोग किया। डॉक्टरों के अनुसार बुजुर्ग को कुछ दिनों तक अस्पताल में रहना होगा, जहां एक्सरे, ऑपरेशन और प्लास्टर किया जाएगा। इलाज के बाद उन्हें उनके पैतृक गांव बिहार या रिश्तेदारों के पास भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

सेवा कार्य में प्रवीण गुप्ता, करण नेताम, संजय कुंजाम, पंजाब कुमार, उदय नगर के पार्षद चंद्रलोक सिंह ठाकुर, जयशंकर गुप्ता, लोकेश मेश्राम, धर्मेंद्र, मनोज श्रीवास, आशुतोष देव, अखिलेश साहू, विनोद वाल्मीकि तथा अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### शिविर में आधार कार्ड में सुधारी गई त्रुटियां



जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को डाक विभाग द्वारा आधार नामांकन एवं सुधार के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सौ से अधिक विद्यार्थी और ग्रामीण लाभान्वित हुए। युवाओं ने नाम, सरनेम, पता, बायोमैट्रिक और मोबाइल नंबर जैसी जानकारियों में सुधार कराया। जबकि ग्रामीणों ने छोटे बच्चों के लिए नवीन आधार का नामांकन कराया।
शनिवार को आवेदकों की संख्या अधिक होने के कारण सभी का अपडेट संभव नहीं हो सका। ऐसे आवेदकों को सुविधा देने के उद्देश्य से शिविर को रविवार के लिए भी बढ़ा दिया गया है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति आधार से जुड़ी सेवाओं से वंचित न रह जाए।
यह शिविर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एवं अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में विद्यार्थियों को आधार संबंधी तकनीकी परेशानियों से बचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डाकघर के अधीक्षक मो. नियाजुद्दीन, विकास अधिकारी तरुण सारथी, विश्वविद्यालय के डॉ. तेज बहादुर चंद्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश्वरी नेताम सहित अन्य मौजूद रहे।

### एक मांग एक मंच अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत

गीदम। प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारियों और एक लाख चवालीस हजार पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता और वर्ष 2017 से लंबित 80 महीनों की महंगाई भत्ता एरियर्स मांग को लेकर पूरे प्रदेश में एक मांग एक मंच अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में अभियान के प्रदेश संचालन समिति के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया अभियान के दूसरे चरण में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से होते हुए दंतेवाड़ा पहुंचे। अटेरिया ने बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए कर्मचारियों और पेंशनरों को संबोधित करते हुए एक मांग एक मंच अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संगठनों का एक समूह पिछले 8 वर्षों से देय तिथि से डीए दिलाने में असफल रहा है। उन्होंने बताया कि फरवरी महीने तक पूरे संभाग में बैठक पूरी कर ली जाएगी। उसके बाद रायपुर राजधानी में अभियान से जुड़े जिला संभाग के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें आंदोलन और सम्मेलन की तिथि तय की जाएगी।

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने शिक्षकों को किया प्रेरित

**एफएलएन अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

विकासखंड गीदम में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण तीन जोनों कारली, जावंगा एवं हितामेटा में प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में पोटाकेबिन हितामेटा में आयोजित प्रशिक्षण का जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा प्रमोद ठाकुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षणरत शिक्षकों से चर्चा करते हुए एफएलएन के प्रमुख लक्ष्य पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कक्षा (कक्षा 1 से 3) के अंत तक सभी बच्चे सरल वाक्यों को पढ़कर समझ सकें, लिख सकें तथा सरल गणितीय अवधारणाओं एवं समस्याओं को हल करने में सक्षम बनें, इसके लिए सभी शिक्षकों को पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी गीदम सुश्री पुनेम द्वारा शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि निपुण भारत मिशन के माध्यम से वर्ष 2025-27 तक प्रत्येक बच्चे को एफएलएन दक्षता से जोड़ने का राष्ट्रीय लक्ष्य है, जिसे प्राप्त करने हेतु सभी स्तरों पर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।





### व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने दिए निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर द्वारा हाई स्कूल हितामेटा, आरएमएसए छात्रावास एवं पोटाकेबिन हितामेटा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर तथा छात्रवृत्ति हेतु भारतीय डाक विभाग द्वारा खाता खोलने के लिए आयोजित शिविर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए। यह प्रशिक्षण एवं निरीक्षण कार्यक्रम एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति तथा गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण से जिले ने रचा इतिहास

# सुशासन एवं नवाचारों के लिए मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ में सुशासन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में दंतेवाड़ा जिले ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथो जिले को ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण पहल के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025–26 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राजधानी नवा रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि गुड गवर्नेंस कागजों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका असर जनता के जीवन में और प्रशासन के कामकाज में स्पष्ट दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में तकनीक को सुशासन का मजबूत माध्यम बनाया गया है और दंतेवाड़ा की यह पहल उसी सोच का सशक्त उदाहरण है।

दंतेवाड़ा जिले में लागू की गई ब्लॉकचेन आधारित भूमि अभिलेख डिजिटलीकरण प्रणाली के माध्यम से दशकों पुराने राजस्व रिकॉर्ड को सुरक्षित, हस्तक्षेप विहीन और





डिजिटल रूप में संरक्षित किया गया है। इस नवाचार के तहत 1950 से 2024 तक के लाखों भूमि दस्तावेजों को स्कैन कर उन्हें ब्लॉकचेन तकनीक से सत्यापित किया गया, जिससे अब किसानों और नागरिकों को भूमि संबंधी दस्तावेज़ कुछ ही मिनटों में उपलब्ध हो रहे हैं।

पहले जहां भूमि अभिलेख प्राप्त करने में दो से तीन सप्ताह तक का समय लगता था, वहीं अब यह प्रक्रिया 10 से 15 मिनट में पूरी हो रही है। इससे न केवल आम नागरिकों का समय और खर्च बचा है, बल्कि दस्तावेज़ी धोखाधड़ी पर भी प्रभावी रोक लगी है। दंतेवाड़ा जैसे आदिवासी और दूरस्थ जिले में यह पहल विशेष रूप से प्रभावशाली सिद्ध हुई है। सार्वजनिक कियोस्क और डिजिटल पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों के नागरिकों को अब तहसील और जिला कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सुरक्षित और प्रमाणिक भूमि रिकॉर्ड उपलब्ध होने से किसानों को बैंक ऋण, योजनाओं का लाभ और कानूनी प्रक्रियाओं में भी आसानी हो रही है।

### ई-गवर्नेंस को मिली नई मजबूती

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में ई-प्रगति पोर्टल का भी शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से 25 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के डिजिटल प्लेटफॉर्म शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करते हैं। दंतेवाड़ा जिले की यह ब्लॉकचेन पहल अब राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के रूप में देखी जा रही है। भूमि रिकॉर्ड की सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित सेवा प्रदाय के क्षेत्र में इस नवाचार ने राजस्व प्रशासन के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।

### सम्मान से बढ़ा अधिकारियों का मनोबल

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित होने पर जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल जिले की प्रशासनिक क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि नवाचार और तकनीकी के माध्यम से सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। दंतेवाड़ा की यह सफलता कहानी स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि छत्तीसगढ़ में शासन अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है, बल्कि परिणाम, प्रभाव और नागरिक विश्वास को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रहा है।

# सामान्य सभा की बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में सामान्य सभा का आयोजन हुआ। जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल और उपाध्यक्ष जयबती कश्यप की उपस्थिति में सभी विभाग के प्रमुखों ने अपने-अपने विभागों के

- जनपद सदस्यों ने सड़क निर्माण होने के बाद जर्जर होने की दी जानकारी

कार्यों की जानकारी प्रदान की। बैठक में जनपद सदस्यों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण होने के बाद जर्जर होने की जानकारी दी। पीएचई विभाग बस्तर ब्लॉक के कई ग्रामों में पानी टंकी का निर्माण और पाइप लाइन का बिछाने के बावजूद भी पानी सप्लाई नहीं होने से पेयजल समस्या ग्रामीणों को परेशानियों का सामना हो रही है। शिक्षा विभाग में जिन स्कूलों में शौचालय और बाउंड्री वॉल नहीं है उनकी मांग की गई। आश्रम छात्रावास में अधीक्षक, अधीक्षकों को मुख्यालय में रहने के लिए कहा गया। अधिकतर अधीक्षकों और अधिक्षिका छात्रावास में रात्रि को नहीं रहने के कारण बच्चों को परेशानी होती है। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों ने आवाज उठाई। छात्रावासों में भोजन और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री आवास अधूरा निर्माण पूर्ण जल्द करने की जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जनपद सदस्य जमुना ठाकुर, महंगी कश्यप, गजेंद्र बघेल,अनीता बघेल, सुखमति कश्यप, रायधर दीवान, गौरव कश्यप, बुद्धूराम बघेल, विनीता ठाकुर, ललिता बघेल, सूरज कश्यप, हेमराज बघेल, मानसिंह कश्यप, गजेंद्र ठाकुर, प्रवीण मौर्य सहित जनपद सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परमिट शर्तों का उल्लंघन पर की गई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना

- यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रभारी मधुनाथ ध्रुव की टीम ने यातायात व्यवस्था को दुरूस्त एवं नियमों का पालन करने तथा बढ़ते हुये वाहन दुर्घटना को देखते हुये बिना नंबर वाहनों, तीन सवारी एवं बिना हेलमेट मोटर सायकल एवं अन्य वाहनो के चालकों के विरूद्ध वाहन चेकिंग की गई। 9 जनवरी को पीकअप वाहन में सवारी



बैठाकर परिवहन करते पाये जाने एवं परमिट शर्तों का उलंघन करने वाले पीकअप वाहन क्रमांक सीजी-18-आर-7726 के वाहन चालक के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये का चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूला गया। यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के तहत नियमो का उल्घंन करने वालो, माल वाहक वाहनों में सवारी ले जाने वालों, बिना नंबर वाहनों, नाबालिग वाहन चालको, तीन सवारी एवं बिना हेलमेंट मोटर सायकल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन करने आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।



# कांग्रेस भवन बनाने वाले दादा मानकु राम याद किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने बस्तर के पूर्व सांसद स्व.मानकुराम सोढ़ी की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। उन्हें जगदलपुर और कोंडागांव का कांग्रेस भवन बनाने का श्रेय दिया जाता है। मौर्य ने कहा अविभाजित बस्तर जिले के कांग्रेस अध्यक्ष रहे और लगातार 6 बार विधायक एवं 3 बार सांसद चुने गए। वे सरल स्वभाव के थे वहीं राजनीतिक समझ गजब की थी। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

इस दौरान प्रेम शंकर शुक्ला, शंकार सोढ़ी, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, वीरेंद्र परिहार, नरेंद्र तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चम्पा ठाकुर, कौशल नागवंशी, अनुराग महतो, रियाज खान, एस नीला,कमलेश पाठक, रविशंकर तिवारी, मनोज साहनी, हरिसिंह, छबिराम तिवारी, संजय पाणिग्रही, रजत जोशी, मोहसिन खान समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण द्वारा पीएमश्री योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरोहरों के अवलोकन हेतु बारसूर स्थित बत्तीसा मंदिर, मामा भांचा मंदिर, गणेश मंदिर एवं जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर का भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बारसूर के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों का अवलोकन किया जहां उन्हें क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत प्राचीन मंदिरों एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई इससे विद्यार्थियों में इतिहास एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता विकसित हुई। ऐतिहासिक स्थलों के अवलोकन के पश्चात विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर ले जाया गया, नवोदय विद्यालय की छात्राओं द्वारा हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वागत किया व उन्हें अपने विद्यालय का भ्रमण कराया। विद्यार्थियों ने क्रमशः संग्रहालय साइंस लैब, जीव विज्ञान लैब, मैथ्स लैब, फिजिक्स लैब, संगीत कक्ष, केमिस्ट्री लैब व लाइब्रेरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने छात्राओं को अपने विद्यालय में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया व उन्हें भी उन गतिविधियों को अपने विद्यालय में करने के लिए प्रेरित किया व भविष्य के लिए शुभाशीष दिया। अंत में विद्यार्थियों ने दंतेश्वरी मंदिर व वन मंदिर का भ्रमण किया।

# रंगोली, चित्रकला, निबंध और कविता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े मोरठपाल में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली, चित्रकला, निबंध और कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रंगों, रेखाओं और शब्दों के माध्यम से हिंदी की महत्ता, उसकी सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक उपयोगिता को प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने काव्य पाठ, कहानी वाचन और गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या शबाना अली, हिंदी व्याख्याता अनूप कुमार कुर्रे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं की सहभागिता रही।

# युवा राष्ट्रहित में कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं : असरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कोंडराज बाबा की पावन धरती कुंवाकोंडा मंडल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राहुल असरानी का

- कोंडराज बाबा की पुण्य भूमि कुआकोंडा मंडल में असरानी एवं सोनी का प्रथम प्रवास

प्रथम प्रवास ऐतिहासिक रहा। इस अवसर पर युवा मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम सोनी एवं युवा



मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भावना परघनिया का भी भव्य स्वागत किया गया।

प्रवास के दौरान आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल असरानी ने युवाओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और संगठन में आगे आकर सक्रिय भूमिका निभाने का यह सही समय है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में कार्य करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओम सोनी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की सुशासन व्यवस्था, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा समाज के सभी वर्गों के उत्थान हेतु किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रामबाबू गौतम, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, सुमित भदौरिया, जनपद अध्यक्ष सुकालू मुडामी, महामंत्री अभिषेक राठौर, संतोष साहू, विशाल जैन, हेमंत समेत सरपंच, गोविन्द तिवारी, चंद्रपाल भदौरिया, पवन कोर्राम, हरीश मरकाम, भूपेंद्र निर्मलकर, यश, निखिल नाग, राजेंद्र ठाकुर, सूरज ठाकुर, चंद्रकांत स्वाई, प्रियंका बेहरा, गौरव भवानी, राहुल सोनवानी, नितेश अधिकारी, रणजीत,अनीश जार्ज, यशवंत शर्मा, शिव प्रताप, बालकृष्णा, विशेष सिंह, समशेर, विकास नाग, दंडौतिया युवा मोर्चा के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### बाघ पकड़ने का दावा फर्जी, दहशत फैलाने की साजिश

जगदलपुर। बस्तर में कुछ दिनों से बाघ को पकड़ने का दावा करते हुए एक वीडियो तेजी से वायरल किया गया, जिस पर वन विभाग ने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो पूरी तरह फर्जी है। ऐसी झूठी जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने पहले ही यह पुष्टि की थी कि सीतानदी वन्यजीव अभयारण्य से एक बाघ बस्तर क्षेत्र में आया था, तोकापाल ब्लॉक के खंडियापाल गांव में बाघ के पंजों के निशान मिलने के साथ कुछ मवेशियों के शिकार की भी जानकारी सामने आई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार बाघ इलाके से चला गया है। बाघ पकड़ने का वीडियो वायरल हुआ, जिसने ग्रामीणों में दहशत का माहौल कर दिया। वीडियो के साथ यह दावा किया गया कि कुरंदी जंगल में वन विभाग की टीम ने बाघ को पकड़ लिया है। हालांकि इस वीडियो को सच्चाई से परे बताते हुए वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इसका बस्तर या किसी भी वन क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है।

## खबर संक्षेप



### 8 मंडल कमेटी अध्यक्षों के साथ हुई बैठक

**चारामा।** एसआईआर मतदाता सूची गहन पुनुरीक्षण दावा आपत्ति 22 जनवरी तक, धान खरीदी व धान उठाव, मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल कमेटी के प्रभारी की नियुक्ति सहित अन्य विषयो पर चर्चा हुई और जिम्मेदारी दी गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप, कार्यवाहक अध्यक्ष हिरवेंद्र साहू, कृष्णा नायक, भूषण सिन्हा,चंद्र कुमार कांगे, राजेंद्र सलाम, गोविन्द पटेल, सत्तार खान, रानू कमलेश सेन, सौरभ ताराम, युवक कांग्रेस के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र नायक, ललित नारायण गोटी उपस्थित रहे।

### हनुमान चालीसा का पाठ होगा 15 को

**जगदलपुर।** आगामी 15 जनवरी को हनुमान चालीसा का 108 पाठ लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर प्रवीर वार्ड में किया जाएगा। सुबह 7 बजे से आरम्भ होगा। तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण दोपहर 2.30 बजे किया जाएगा। इस मौके पर सनातनी श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

**सम्मेलन :** यादव समाज की एकता और संस्कार का परिचायक बना युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# युवक नशे को त्यागकर शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़े : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विधायक ने सामुदायिक भवन व द्वारकाधाम के लिए 10 लाख की दी सौगात

समाज को संगठित करने, संस्कारों को सहेजने और भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य की दिशा तय करने वाला यादव समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को कांकेर में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज जिला कांकेर के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में सामाजिक एकजुटता, शिक्षा, संगठन और सामाजिक अधिकारों को लेकर सशक्त संदेश दिया गया। पुराने कम्युनिटी हॉल में आयोजित सम्मलेन में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित यह युवक-युवती परिचय सम्मेलन अत्यंत सराहनीय एवं समाज को दिशा देने वाला आयोजन है। ऐसे कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधने, आपसी समरसता बढ़ाने और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यादव समाज सदैव मेहनत, भाईचारे और सामाजिक समर्पण का प्रतीक रहा है। आज की युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और समाजसेवा के मार्ग पर आगे बढ़े। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करे, तभी समाज और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है।उन्होंने सामाजिक सामुदायिक भवन एवं द्वारकाधाम के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा कर समाज को नई ऊर्जा प्रदान की। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक से यादव समाज ने मांग की कि समाज की बहुलता को देखते हुए किसी चौक-चौराहे का नामकरण यादव समाज के प्रतीक पर किया जाए। इस पर उन्होंने मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया।





### एक सूत्र में बंधे रहने का आव्हान

अध्यक्षीय उद्बोधन में छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि यादव समाज सदैव भाईचारे और एकता के साथ आगे बढ़ता रहा है। उन्होंने समाज को शिक्षित, संगठित और जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में रावत जाति को राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल किया गया है, लेकिन केन्द्रीय सूची में इसे अब तक शामिल नहीं किया गया है, जिसे शीघ्र सुधारने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कांकेर में सामाजिक सामुदायिक भवन एवं यादव समाज के प्रतीक स्वरूप किसी चौक-चौराहे का नामकरण किए जाने की मांग रखी।

### शपथ, परिचय और सम्मान समारोह का आयोजन

पुराने कम्युनिटी हॉल में आयोजित सम्मेलन की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज के प्रति आस्था, निष्ठा और समर्पण की शपथ दिलाई गई। सम्मेलन में लगभग 120 युवक-युवतियों ने मंच के माध्यम से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर कांकेर जिले सहित रायपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, केशकाल एवं अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में यादव बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में दयालु यादव, अशोक यादव, रमा यादव, योगेश यादव, मधु यादव सहित दशरथ यादव, फूलचंद यादव, बालाराम यादव, तीजुराम यादव, राजेश यादव, करण यादव, आजुराम यादव, मन्नूराम यादव, महेश यादव, तिलकराम यादव, दुखुराम यादव, सरस्वती यादव, ऊषा यादव, कांती यादव, सविता यादव, कविता यादव, डोमेश्वरी यादव, सुनिता कैलाश डोमन यादव सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे।

### कबीर संत निवास लोकार्पित सत्संग भवन का शिलान्यास



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम कन्हारगांव में कबीर पंथ समाज के लिए 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित संत निवास भवन का लोकार्पण और साथ ही 6.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सत्संग भवन का विधिवत भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने शिलान्यास किया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि कबीर पंथ समाज द्वारा सामाजिक समरसता, नैतिकता और सद्भावना के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। संत निवास और सत्संग भवन के निर्माण से समाज को आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए सशक्त मंच मिलेगा। कार्यक्रम में संतश्री रविकर साहेब, संतश्री पूर्णेन्द्र साहेब, संतश्री भवकर साहेब जी, संतश्री संतोष साहेब, सुषमा साहेब, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष सुनाराम तेता, वरुण खापर्डे, विमला गोटा, उपसरपंच यामिनी जैन, ठाकुर राम साहू, एसएल साहू, पितेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ब्लूप्रिंट, प्रश्न पत्र निर्माण व शिक्षण शास्त्र पर 5 दिनी प्रशिक्षण मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



विकासखंड भानुप्रतापपुर में विज्ञान समूह के व्याख्याताओ का पांच दिवसीय ब्लूप्रिंट, प्रश्न -पत्र निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर प्रशिक्षण 6 से 10 जनवरी तक सफलता पूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान के प्रश्न -पत्र निर्माण की तकनीक को आधुनिक बनाना था। इस विशेष प्रशिक्षण में प्रश्न -पत्र निर्माण के प्रमुख 6 स्तरों को आधार बनाकर प्रश्न -पत्र तैयार करने के प्रभावी तरीकों को समझाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नूरुटी ने किया। मास्टर ट्रेनर्स ने सभी स्तरों की तैयारी के लिए उचित रणनीतियां और ब्लूम टैक्सोनोमी के अंतर्गत ब्लूप्रिंट की बारीकियां पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में व्याख्याताओ को उचित व संतुलित प्रश्न पत्र निर्माण के लिए समझ विकसित करने के साथ ही एनईपी 2020 सीएसएफ, सीखने के लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण, विद्यालयी संस्कृति, लर्निंग आउटकम्स, शिक्षण शास्त्र, भारतीय ज्ञान परंपरा, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति उम्मीद मनो दर्पण, शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक, राष्ट्रीय मार्गदर्शन मिशन शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन में सूचना संचार प्रौद्योगिकी का एकीकरण और शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करना के बारे में मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में निष्पादन मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार साहू, पारुल टांडिया, बुमकेश केसरी और कुश कुमार कौशिक जीव विज्ञान ने किया। प्रशिक्षण के दौरान खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नूरूटी ने सभी प्रशिक्षार्थी व्याख्याताओ को निरंतर सीखने रहने व खुद को आवश्यकता अनुसार अपडेट करते रहने के लिए प्रेरित किया।



## शाहावड़ा की 27 छात्राओं को दी गई निशुल्क सरस्वती साइकिल

**चारामा।** हायर सेकेंडरी स्कूल शाहावड़ा में कक्षा नवमी के 27 छात्राओं को शासन की महत्व कांक्षी योजना के तहत निःशुल्क सरस्वती साइकिल प्रदान किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के जनपद सदस्य चिन्ताराम साहू द्वारा छात्राओं को शासन की इस योजना के बारे में जानकारी दी। साइकिल की महत्व को बताते हुए चिंताराम साहू ने कहा साइकिल हमारे शारीरिक मानसिक के लिए बहुत ही लाभदायक है और साथ में इससे समय की बचत तो होता ही है, इससे ध्वनि प्रदूषण वायु प्रदूषण से भी बचा जा सकता है। शासन का मुख्य उद्देश्य हमारे छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना है। कार्यक्रम में सरपंच प्रदीप कोड़ोपी, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू, ग्राम पटेल कुबेर सिंह ठाकुर, संस्था की प्राचार्य जानकी जुर्री, नाथूराम कोड़ोपी, जयंत लाल मंडावी, रोहित कुंजाम, पवन साहू,सत्या साहू, अनूपा साहू, पुष्पलता तरुणा उसेंडी, ईश्वर खोबागड़े, आरएस पटेल, पीआर बघेल, एसके बंछोर, डीके सोनी, आरमिश्रा, डीके साहू, गुमान साहू, आशा शर्मा, प्रतिमा दास, प्रियंका कुरेटी एवं समस्त विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे।

## महिलाएं होंगी स्वावलंबी धनगुडरा में रखी विधायक ने महिला भवन की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कराठी के आश्रित ग्राम धनगुडरा में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई। भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मंडावी ने महिला भवन की आधारशिला रखकर इस दिशा में पहला कदम उठाया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाएं विशेष उत्साह के साथ उपस्थित रहीं और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि महिला भवन का निर्माण गांव की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और स्थायी स्थान प्रदान करेगा। यहां महिलाएं नियमित बैठकें कर सकेंगी, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगी और अपने स्व-सहायता समूह की गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित कर सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह भवन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए महिला भवन को गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक अहम पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलों से महिलाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा और वे अपने परिवार एवं समाज में सशक्त भूमिका निभा सकेंगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने विधायक के नेतृत्व और सक्रियता की सराहना की और महिला सशक्तिकरण के इस कदम को ग्राम धनगुडरा की प्रगति का प्रतीक बताया। आधारशिला कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कराठी की सरपंच चैतीबाई रावटे, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनाराम तेता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ठाकुर, उपसरपंच निरभ्र सिंह, गायता दसरू राम तारम,हितेश्वरी रावटे, अजीत ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सनातन अस्मिता और राष्ट्रीय चेतना का है सशक्त उद्घोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा देवाधिदेव भीम महादेव मंदिर ग्राम बरकई में ओंकार मंत्र जाप एवं पूजन कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर किया गया आक्रमण सनातन संस्कृति और भारतीय चेतना को समाप्त करने का प्रयास था, किंतु हमारी सभ्यता और संस्कृति अडिग रही। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण इस बात का प्रमाण है कि भारत की आत्मा को कोई भी शक्ति झुका नहीं सकती। ऐसे आयोजन समाज को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को और मजबूत करते हैं। प्रदेश प्रवक्ता टेकेश्वर शंकर जैन ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सनातन धर्म की अमरता और राष्ट्र चेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम में अशोक निषाद, यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, निलेश गोलछा, दिनेश पांडे, राकेश नागवंशी, योगेश तिवारी, ग्राम पटेल, प्रीतम नाग, पूर्व सरपंच प्रमोद मरकाम, अविनाश, धर्मेंद्र तिवारी, बिहारी जैन, भूपेंद्र कुंवर, राजा सिन्हा, ढालेश्वर सिन्हा सहित पार्टी के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति को स्थापितकर 56 भोग समर्पित



**चारामा।** नगर के समता रंग मंच में स्थित माँ दुर्गा मंदिर परिसर के प्रथम तल में भगवान लक्ष्मीनारायण की भव्य एवं आकर्षक मुर्ति की स्थापना हुई। पं विकास दुबे और काशी विश्वनाथ से पधारे पं हरीश शर्मा एवं दीपेश शर्मा के द्वारा तीन दिनों तक भगवान की स्थापना से लेकर प्राण प्रतिष्ठा की पुर्ण प्रक्रिया विधि विधान के अनुसार की गई। तृतीय दिन पुजन विधि कर मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन पुजन कर भगवान को भोग अर्पण किया गया। भोग उपरान्त महाआरती सम्पन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड मंदिर में उमडने लगी। दर्शन के बाद महा भंडारे का आयोजन किया गया। विदित है कि नगर में श्री लक्ष्मी नारायण भगवान का मंदिर नही था, इसलिए नगर वासियों के सहयोग से नगर निवासी पवन देवांगन, अश्वनी देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, राजा देवांगन एवं हिन्द जागरण मंच के सदस्यों के द्वारा मुर्ति स्थापना का कार्य पुर्ण कराया। नगर के इस मंदिर में भक्तो को माँ दुर्गा, भोलेनाथ, भगवान गणेश के साथ, राधे कृष्ण, राम जानकी और लक्ष्मण और श्रीलक्ष्मीनारायण भगवान के एक साथ दर्शन का लाभ मिलेगा।

## सेवानिवृत्त और मृत शिक्षकों की पेंशन अदायगीकर परिजनों का किया सम्मान



**पखांजुर/कापसी।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की त्वरित कार्यप्रणाली के चलते पहली बार एलबी संवर्ग के 13 सेवानिवृत्त एवं मृत शिक्षकों के पेंशन अदायगी आदेश एक साथ जारी किए गए। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में बीआरसी कार्यालय पखांजूर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों और दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस भावुक क्षण में परिजनों ने विभाग की इस सक्रियता की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी देवकुमार शील ने बताया कि टिकामा नेताम, सुधांशु हालदार सहित 13 अन्य दिवंगत शिक्षकों राखी साहा, राजेंद्र साहू, वीर सिंह दुग्गे आदि के आश्रितों को उनके हक का पेंशन आदेश सौंपा गया है। एलबी संवर्ग के प्रतिनिधि भोला प्रसाद ठाकुर ने कहा कि यह कोयलीबेड़ा के इतिहास में पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में पीपीओ एक साथ वितरित किए गए हैं। शिक्षक संघ के पदाधिकारी संतोष जायसवाल ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की इस त्वरित पहल से उन परिवारों को बड़ी राहत मिली है, जो लंबे समय से पेंशन प्रक्रिया के पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। इस अवसर पर एबीईओ अमिताभ सरकार, मंडल संयोजक शोप सिंग नेताम, बलविंदर कौर, गणेश दास, विनोद पाठक, लालमन पटेल, हरिश्चंद्र नेताम, वरुण कीर्तनीया और परिमल राय सहित शिक्षक व परिजन उपस्थित रहे।

## मनकामेश्वर शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के कार्यकर्ताओं द्वारा वनउपज जांच नाका के समीप स्थित मनकामेश्वर शिव मंदिर में देवों के देव महादेव , शिव शंकर के मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर आरती के पश्चात ओमकार जाप किया गया एवं भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में प्रथम और सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है। यह मंदिर गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित है। एक हजार वर्ष पूर्व जनवरी 1026 में पावन सोमनाथ मंदिर ने अपने इतिहास का पहला आक्रमण सहा था। साल 1026 का वह आक्रमण एवं उसके पश्चात हुए अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। अपितु इन घटनाओं ने भारत की सांस्कृतिक एकता को और अधिक सशक्त किया तथा सोमनाथ मंदिर का बार-बार पुनरोद्धार होता रहा। इस अवसर पर सतीश लाटिया, अनूप सिंह राठौर, पीयूष कश्यप, नरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह राजपूत, मनोज सेंगर, रमेश दुग्गा, मनीषा कुलदीप, थान सिंह साहू, ईश्वर यदु, राजकुमार साहू, सगुन उईके, योगेश कोमरा, कुलेश्वर नेताम, मनीष चौहान, कुबेर कोसमा, रनजीत सिंह राठौर, गुलशन सिंह परिहार मिथिलेश्वरी सोरी, दानी साहू, अग्रहित साहू सहित श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए।

## होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों की जांच



**पखांजुर।** परलकोट क्षेत्र में प्रतिष्ठित आध्यात्मिक और सामाजिक संस्थान श्रीश्री रामकृष्ण आश्रम पखांजूर द्वारा मानवता की सेवा के संकल्प के साथ एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पखांजूर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए पहुँचे। आयोजित शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए 200 आमजन ने अग्रिम पंजीयन कराया था। अनुभवी होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा मरीजों की गहन जाँच की गई और उन्हें उचित परामर्श के साथ दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर में विशेष रूप से पुराने शारीरिक दर्द जैसे गठिया, कमर दर्द, और साइटिका तथा महिलाओं की विभिन्न जटिल बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। आश्रम के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है। शिविर में आए मरीजों ने बताया कि लंबे समय से चल रही बीमारियों के लिए होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्रभावी विकल्प है। चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि होम्योपैथी उपचार में धैर्य और नियमितता आवश्यक है, ताकि बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

